fnukd % 19-12-2024 le; % 02-10**pm**

संसद-सारंगी घायल

संसद भवन परिसर में भाजपा और विपक्षी सदस्यों के विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा के सांसद प्रताप सारंगी आज घायल हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा एक सांसद को धक्का दिये जाने के कारण वे उन पर गिर पड़े, जिससे वे घायल हो गए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इस घटना की निंदा की है। इस बीच, श्री गांधी ने कहा कि जब वे संसद के भीतर जाने का प्रयास कर रहे थे, तब भाजपा के सांसद उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने भी आरोप लगाया कि उन्हें धक्का दिया गया और धमकाया भी गया। इससे पहले आज भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने संसद के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया और कांग्रेस पर डॉक्टर बी.आर. आम्बेडकर के अपमान का आरोप लगाया। वहीं विपक्षी दलों ने भी डॉक्टर बी.आर. आम्बेडकर पर केन्दीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर संसद भवन परिसर में विरोध-प्रदर्शन जारी रखा। सदन अंदर के भी इस मुद्दे हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

अक्षयपात्र संस्थान

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल के शाहपुरा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत अक्षयपात्र संस्थान द्वारा आयोजित "एक करोड़ प्लस मध्यान्ह भोजन" कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने संस्थान में विद्यार्थी को "एक करोड़ वीं थाली" परोसी और भोजन शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने मध्यान्य भोजन लेकर जानें वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम ने कहा कि अक्षय पात्र फाउंडेशन के माध्यम से शुद्धता के साथ प्रतिदिन 50 हजार विद्यार्थियों को भोजन का प्रबंधन किया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि स्वच्छता,शुद्धता और सफाई के क्षेत्र में फाउंडेशन का देश में सबसे बेहतरीन रिकॉर्ड है।

e[;e=h&Nrjiij

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज छतरपुर जिले के सटई स्टेडियम प्रांगण में केन–बेतवा लिंक परियोजना के तहत आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि–पूजन एवं लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री पन्ना भी जायेंगे और शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के खेल ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में 98 करोड़ 88 लाख रूपए लागत के 13 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे।

विशेष रेलगाड़ी - कुंभ मेला

मध्य रेलवे ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले के लिए 34 विशेष रेलगाड़ियों को चलाने की घोषणा की है। यह मेला 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होगा। ये विशेष रेलगाड़ियाँ मुंबई, □ुणे, नाग□ुर और अन्य शहरों से चलाई जायेंगी। कुंभ मेले के लिए विशेष रेलगाड़ियों की बुकिंग 20 दिसंबर से शुरू होगी। इन विशेष रेलगाड़ियों में बिना आरक्षण के भी यात्रा की जा सकेगी।

मौसम

प्रदेश में ठंड के तेवर थोड़े नरम □ड़ने लगे है। भो□ाल समेत प्रदेश के कई जिलों के न्यूनतम ता□मान में से दो से तीन डिग्री बढ़ोतरी देखने को मिली है। लेकिन दिसम्बर के अंतिम सप्ताह फिर से □ारा गिरने और ठंड बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दूसरा दौर 23 से 25 दिसंबर के बीच आएगा। इससे □हले अगले 4-5 दिन तक प्रदेश के उत्तरी हिस्से ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में कोहरा रहेगा। भो□ाल, उज्जैन, जबल□ुर में रात का □ारा 8-10 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहेगा। इस बीच मौसम विभाग ने आज गुरुवार को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतर□ुर में कोहरा छाने का अनुमान जताया है।

समाचार संक्षेप में ...

- जबल□ुर में बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होने आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कहा कि भारतीय न्याय□ालिका की □ूरे विश्व में एक विशिष्ट □हचान है। यह सिर्फ मेरिट नहीं बल्कि मूल्यों के आधार □र भी फैसले सुनाती है।
- एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत भो□ाल के वन विहार नेशनल □ार्क से जूनागढ़ गुजरात के शकर चिड़ियाघर में दो बाघ भेजे गए हैं। वहां से वन विहार नेशनल □ार्क में जल्द ही दो एशियाई शेर भेजे जाएंगे